दिनांक 23.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डेंगू नियंत्रण/रोकथाम के लिए किए जा रहे हैं लगातार प्रयास , चलित चिकित्सा वाहन के द्वारा कर रहे हैं स्वास्थ्य परीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर जल जनित बीमारियों एवं डेंगू के रोकथाम/ नियंत्रण हेतु निगम क्षेत्रान्तर्गत लगातार जोनवार कार्य कराएं जा रहें हैं जिसमें सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नेहरु नगर अंतर्गत अभी तक वितरण किये गये टेमीफास बोतल 270 एवं 2350 मीटर नाली की सफाई कराई गई मैलाथियान का छिड़काव कराया गया व शौचालयों के गैस पाइप में मच्छर जाली 170 लगाये जा चुके है। जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्रान्तर्गत 620 टेमीफास बोतल, 3050 मीटर नाली की सफाई, 32 स्थलों में मैलाथियान का छिड़काव का कार्य कराया गया। जोन 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत 150 टेमीफास बोतल वितरित किये गये, 2100 मीटर नाली की सफाई की जा चुकी है 7 स्थलों में मैलाथियान का छिड़काव एवं 240 जागरुकता पाम्पलेट का वितरण किया गया है। जोन 04 शिवाजी नगर अंतर्गत 1185 मीटर नाली की सफाई एवं 461 स्थलों में मैलाथियान का छिड़काव कार्य कराया जा चुका है।

वाटर हार्वेस्टिंग अपनाना है

जल जीवन बचाना है!

जनसम्पर्क अधिकारी